उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार–249404

संख्याः–176 /15/रक्षक/**G-2/2023-24** दिनांकः 27 सितम्बर 2023

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या–A-1/Est/Rakshak//2023 दिनांक 13 जनवरी 2023 द्वारा **रक्षक, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, परीक्षा–2023** के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। उक्त विज्ञापन के क्रम में लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा दिनांक 06 अगस्त 2023 को आयोजित की गयी है। इस विज्ञापन में अभ्यर्थियों के लिए वर्णित न्यूनतम शारीरिक मापदण्ड का परीक्षण किया जाना है। साथ ही अभ्यर्थियों के अभिलेखों का परीक्षण भी किया जाना है। तद्क्रम में लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा के प्राप्तांक से निर्मित प्रवीणता सूची के आधार पर रिक्तियों के 03 गुना अनुपात में अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुए शारीरिक मापदण्ड परीक्षण एवं अभिलेख सत्यापन हेतु अनुक्रमांक सूची आयोग की वेबसाइट psc.uk.gov.in पर प्रसारित की गयी है। शारीरिक मापदण्ड परीक्षण एवं अभिलेख सत्यापन सूची के क्रम में कट ऑफ मार्क्स एवं अन्तिम उत्तर कुंजी भी आयोग की वेबसाइट पर प्रसारित की गयी है। अभिलेख सत्यापन के क्रम में ऑनलाईन आवेदन पत्र में किये गये अभ्यर्थियों के दावों का परीक्षण उनके मूल अभिलेखों से किया जायेगा। इस संबंध में तिथि सहित विस्तृत दिशा–निर्देश आयोग की वेबसाइट पर प्रसारित किये जायेंगे। शारीरिक मापदण्ड परीक्षण में सफल होने वाले एवं अभिलेखों के सत्यापन में अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों का अन्तिम चयन परिणाम प्रवीणता सूची के आधार पर घोषित किया जायेगा।

यह भी सूचित किया जाता है अभ्यर्थियों के प्राप्तांक अंतिम चयन परिणाम के पश्चात आयोग की वेबसाइट पर प्रसारित किये जायेंगे। उक्त के क्रम में सूचना के अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत प्राप्तांक से सम्बन्धित अनुरोध पत्रों के क्रम में अन्तिम चयन परिणाम से पूर्व कोई सूचना प्रदान नहीं की जायेगी।

Sd/-

(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।